आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :12 अंक :298 पृष्ठ -4 दिनांक 26 अक्टूबर 2024 दिन शनिवार

# यूपी में नौकरशाही के लिए योगी सरकार का बड़ा फैसला

## योगी सरकार ने एग्रीकल्चर सेक्टर में सुधार के लिए कई बड़े कदम उठाए किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने और उत्पादन को बढ़ाने के लिए नई योजनाएं लाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में निवेश को बढ़ावा देने और आर्थिक गति. विधियों को मजबूत करने के लिए ऐतिहा. सिक कदम उठाया है.अब जिलाधिकारी (डीएम) और मंडलायुक्त (कमिश्नर) के कार्यक्षेत्र में निवेश की प्रगति और उनके प्रयासों को मॉनिटर किया जाएगा. डीएम और कमिश्नर की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) में उनके कार्यक्षेत्र में हुए नि. वेश और लोन संबंधी प्रगति का उल्लेख अनिवार्य होगा.इसके आधार पर अधिकारियों को ग्रेडिंग दी जाएगी, जिससे उनकी परफॉर्मेंस का निष्पक्ष मूल्यांकन हो सके. यह कदम प्रदेश में रोजगार और विकास के नए अवसरों को सृजित करने की दिशा में उठाया गया है. उल्लेखनीय है कि इस प्रक्रिया को लागू करने वाला यूपी देश का पहला राज्य होगा. इस बड़े फैसले की जानक. ारी देते हुए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अब डीएम और कमिश्नर को अपने क्षेत्र में निवेश लाने के प्रयासों की रिपोर्ट बनानी होगी. इसमें निवेशकों की सुरक्षा, सुविधाएं और सहूलियतों को ध्यान में रखते हुए किएगये प्रयासों का भी मूल्यांकन होगा, जिससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा. वहीं उद्यमियों के लिए



समयबद्ध तरीके से लैंड अलॉटमेंट, लैंड सब्सिडी, लैंड यूज चेंज, लैंड क्लियरेंस समेत लैंड बैंक को तैयार कर उसकी मॉनीटरिंग और रेगुलर अपडेशन किये जाने का भी मूल्यांकन किया जाएगा. यह व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि जिलों में निवेश लाने और उसे प्रोत्साहित करने के लिए अधिकारी अपनी भूमिका को जिम्मेदारी से निभाएं. उच्च ग्रेडिंग और विशेष सम्मान मिलेगामुख्य सचिव ने बताया कि जिन जिलों के डीएम बेहतर प्रदर्शन करेंगे और अधिक निवेश आकर्षित करेंगे, उन्हें उच्च ग्रेडिंग और विशेष सम्मान दिया जाएगा. इससे अधिकारियों के बीच प्रतिस्पर्धा और जिम्मेदारी बढ़ेगी. जिलों में निवेश बढ़ाने के प्रयास में डीएम और कमिश्नर की जवाबदेही को ध्यान में रखते हुए, उनके कार्यकाल के दौरान उनके प्रदर्शन का आकलन किया जाएगा. दो–तीन हफ्तों में लागू कर दी जाएगी नई व्यवस्था रिपोर्ट में उनके द्वारा उठाए गए कदम, निवेश के प्रयास और सीडी रेशियो में हुए सुधार का विस्तृत उल्लेख होगा. यह नई व्यवस्था आने वाले दो–तीन हफ्तों में लागू कर दी जाएगी. इससे अधिकारियों की जवाबदेही बढ़ेगी और उन्हें अपने क्षेत्र में विकास के प्रयासों को और तेजी से अंजाम देने का प्रोत्साहन मिलेगा. प्रदेश में निवेश बढ़ने से न केवल आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे. एग्रीकल्चर और इंडस्ट्रियल सेक्टर में सुधार के प्रयासमुख्य सचिव के अनुसार, उत्तर प्रदेश का क्रेडिट डिपॉजिट (सीडी) रेशियो वर्ष 2017 में 47 प्रतिशत था वहीं वित्तीय वर्ष 2023–24 में इसने उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए 60.32 प्रतिशत का आंकड़ छू लिया है. योगी सरकार वर्तमान वित्तीय वर्ष के अंत तक 65 प्रतिशत के सीडी रेशियो के लक्ष्य को तय करके आगे बढ़ रही है. इस रेशियो का बढ़ना राज्य में आर्थिक स्थिरता और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण का संकेत है. एग्रीकल्चर सेक्टर में सुधार के लिए योगी सरकार ने उठाए बड़े कदम

योगी सरकार ने एग्रीकल्चर सेक्टर में सुधार के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं. इसके तहत किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने और उत्पादन को बढ़ाने के लिए नई योजनाएं लाई गई हैं. इंडस्ट्रियल सेक्टर में भी सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे उद्योगों को प्रदेश में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके. इन जिलों का सीडी रेशियो कममुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में संभल, अमरोहा, बदायूं, रामपुर, कासगंज, एटा और मुरादाबाद का सीडी रेशियो सर्वाधिक है. वहीं उन्नाव, बलरामपुर, श्रावस्ती जैसे जिलों का सीडी रेशियो कम है. ऐसे जिलों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने और सीडी रेशियो सुधारने के लिए विशेष योजनाएं बनाई जाएंगी.अप्रैल में बताया जाएगा सीडी रेशियो डीएम और कमिश्नर को हर साल अप्रैल में अपने जिले का सीडी रेशियो बताया जाएगा, ताकि वे निवेश को बढ़ाने के प्रयासों को और बेहतर तरीके से अंजाम दे सकें. उन्होंने बताया कि सरकार के इस कदम का उद्देश्य न केवल निवेश को आकर्षित करना है बल्कि प्रदेश के विकास में अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी बढ़ाना है.

### दीपावली से पहले लखनऊ में ट्रेन पलटाने की साजिश हुई नाकाम, लोको पायलट की सूझबूझ से टला हादसा

राजधानी लखनऊ में एक बार फिर से ट्रेन को डिरेल करने की कोशिश की गई, जिसके बाद हड़कंप मच गया है. बताया जा रहा है कि यहां रेलवे ट्रैक के ऊपर लकड़ी का बड़ा के गट्ठे को रखा गया था लेकिन, लोको पायलट की सूझबूझ से कोई बड़ा हादसा होने से बच गया. उसने समय रहते इसकी सूचना दी जिसके बाद वहां ट्रेन की आवाजाही को रोक दिया गया. ये घटना लखनऊ के मलीहाबाद थाना क्षेत्र की बताई जा रही है जहां ट्रेन को डिरेल करने के लिए रेलवे ट्रैक पर लड़की का गट्ठा रखा रखा गया था. ये लकड़ी उस वक्त डाली गई थी जब इस ट्रैक से गाड़ी संख्या 14236 बरेली वाराणसी गुजरनी थी. लेकिन,समय रहते लोको पायलट की नजर उस पर पड़ गई और पायलट की सूझबूझ से कोई बड़ा हादसा होने से टल गया. लो. को पायलट ने लड़की देखते ही इमरजेंसी ब्रेक लगाया जिसके बाद लकड़ियां ट्रेन के इंजन में फंस गई. लोको पायलट की सूझ–बूझ से टला हादसा लोको पायलट ने तत्काल इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची आरपीएफ और पुलिस की टीम ने ट्रैक से लड़कियों को हटाया. इसके चलते ट्रेन को चलने में कुछ देरी भी हो गई. बताया जा रहा है कि लकड़ियों के साथ ट्रैक पर कुछ पत्थर भी रखे गए थे. पुलिस ने इस मामले में रेलवे एक्ट 1989 में 151 व 153 में एफआईआर दर्ज कर ली है मामले की जांच की जा रही है. इस मामले पर जानकारी देते हुए डीसीपी वेस्ट ओमवीर सिंह ने बताया कि 24 अक्टूबर की रात को 12रू00 बजे आरपीएफ अधिकारी ने मलीहाबाद थाने में सूचना दी कि मलीहाबाद से करीब एक किमी लखनऊ की तरफ रेलवे ट्रैक पर लकड़ी का गट्ठा पड़ा है. ये सूचना मिलते ही पुलिस और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है. मौके पर बबूल के पेड़ के एक मीटर का बड़ा टुकड़ा पड़ा हुआ था. जिसके बाद उसे हटाया गया और फिर से रेल सेवा संचालित की गई. इस मामले में शुक्रवार को सेक्शन इंजीनियर की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में अभियुक्त पंजीकृत कर लिया गया है और वेस्ट जोन की क्राइम टीम को मामले के सफल अनावरण के लिए लगाया गया है, पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही हैं।

## भदोही में प्रिंसिपल की हत्या पर गरमाई सियासत

उत्तर प्रदेश के भदोही में बीते दिनों कॉलेज प्रिंसिपल की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी. अब इस मामले में सियासत भी तेज हो गई. समाजवादी पार्टी के नेता और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने इस हत्याकांड और प्रदेश बढ़ते अपराध को लेकर योगी सरकार पर जुबानी हमला बोला.नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने मृतक परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की. उन्होंने तंजिया अंदाज में कहा कि पुलिस जल्द खुलासे के चक्कर में किसी निर्दोष को न फंसा दे, जितना टाइम लेना हो लीजिए लेकिन सजा इस मामले में असली गुनहगार को सजा मिलनी चाहिए.एसपी ने किया नंबर ब्लॉक पूरे मामले में कार्रवाई की अपडेट जानने के लिए लाल बिहारी यादव ने पुलिस अधीक्षक और स्थानीय एसएचओ को फोन लगाया, इस पर दोनों अधिकारियों ने फोन उठाने के बजाया उनका नंबर ही ब्लॉक कर दिया.बता दें, भदोही शहर के बसावनपुर अमिलोरी ग्रामसभा में बीते सोमवार की सुबह लगभग 8.30 बजे श्री इन्द्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल की दो अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी. जिसके बाद विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव और एमएलसी आशुतोष सिन्हा मृतक के परिजनों से मुलाकात करने पहुंचे थे.इस मौके पर उन्होंने कहा, ष्हम सभी इस मुश्किल परिस्थिति में मृतक परिवार के साथ हैं. लाल बिहारी यादव ने कहा कि मृतक प्रिंसिपल योगेंद्र बहादुर सिंह सरल स्वभाव के थे और उनकी हत्या करने वाले पेशेवर लोग थे. घटना से लगता है कि बदमाशों ने रेकी कर इस वारदात को अंजाम दिया है. पुलिस को भेजेंगे विशेषाधिकार हनन नोटिस समाजवादी पार्टी नेता लाल बिहारी यादव ने कहा, मैं पुलिस विभाग से निवेदन करता हूं कि किसी के दबाव में आकर किसी बेगुनाह या फिर किसी को दुश्मनी में फंसाने की बजाय असली मुजरिमों को ही जेल भेजें.उन्होंने कहा, अक्सर देखा गया है कि पुलिस अधिकतर मामलों में गुड वर्क दिखाने के चक्कर में असली की जगह निर्दोष को फंसा देती है और उनका फर्जी एनकाउंटर भी कर देती है. लाल बिहारी यादव ने भदोही पुलिस अधीक्षक पर गंभीर आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि घटना के संबंध में अधिकारियों से बात करने की कई बार



कोशिश की गई, लेकिन उनका फोन उठाने की बजाय नंबर ही ब्लॉक कर दिया. विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष ने कहा, लखनऊ पहुंचने के बाद उन्हें विशेषाधिकार हनन का नोटिस भेजेंगे, मैं यहां राजनीति करने नहीं आया हूं. उन्होंने नेता प्रतिपक्ष के पद का अपमान किया है. यूपी में बेखौफ घूम रहे अपराधी

उत्तर प्रदेश में विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने मीडिया से कहा कि ष्प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहते है कि अपराधी प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं या फिर जेल में है, तो कुछ का एनकाउंटर कर दिया गया है. उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री के दावे खोखले हैं, उनकी बातों में दम नहीं है और प्रदेश में बेखौफ अपराधी घूम रहे हैं. मुख्यमंत्री के लाख वादे के बावजूद अपराध लगातार बढ़ रहे हैं.

## सपा नेता के खिलाफ बिजली चोरी का केस . दर्ज, लगा 54 लाख रूपये का जुर्माना

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में बिजली विभाग ने समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व जिलाध्यक्ष के खिलाफ बिजली चोरी के मामले में 54 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है. बिजली विभाग के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. बिजली विभाग ने समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व जिलाध्यक्ष के खिलाफ 20 अक्टूबर को बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था.संभल के बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता नवीन गौतम ने बताया कि 20 अक्टूबर को हयातनगर के पक्का बाग में जांच के दौरान फिरोज खान (सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष) के निजी कार्यालय में बिजली चोरी पकड़ी गई. उन्होंने बताया कि खान के खिलाफ 'एंटी पावर थेफ्ट' थाने में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया.गौतम ने बताया कि चोरी के मामले में फिरोज खान के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के





आधार पर 54 लाख का जुर्माना बना है. जांच में पता चला कि इनके यहां 2012 से मीटर नहीं लगा हुआ था. बिजली का कनेक्शन नहीं था और जांच के अनुमा. `दन के बाद इन पर 54 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है. उन्होंने कहा कि इसका नोटिस इन्हें भेजा गया है, जिसमें इन्हें 15 दिन का नियमानुसार समय दिया गया है, इस अवधि में यह अपना पक्ष रख सकते हैं.इसके पहले 21 अक. टूबर को फिरोज खान ने'पीटीआई–भाषा' से कहा था, ''मेरे यहां जेनरेटर लगा हुआ है, उसी से लाइट आती है.'' खान ने आरोप लगाया, ''यह मुकदमा रा. जनीति के चलते किए जा रहे हैं. मुझे उलझाने के लिए यह मुकदमा किया गया है.''

## यूपी में दोगुनी हुई एमबीबीएस सीटों की संख्या, इस साल खुले 17 नए मेडिकल कॉलेज सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में एक और मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन किया। उन्होंन बताया कि इस साल एमबीबीएस सीटों की संख्या दोगुनी हो गई है और 17 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले में केएमसी मेडिकल कॉलेज (पीप. ीपी) के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचें। यहां उन्होंने बताया कि राज्य में चिकि. कत्सा शिक्षा को मजबूत किया जा रहा है, क्योंकि इस साल एमबीबीएस सीटों की संख्या दोगुनी हो गई है और 17 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा में उल्लेखनीय परिवर्तन पर की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए याद दिलाया कि कैसे गोरखपुर में बीआरडी मेडिकल कॉलेज, जिसे कभी बीमार स्टेट कहा जाता था, आज प्रतिष्ठित एम्स गोरखपुर को कड़ी टक्कर दे रहा है।सभा को संबोधित करते हुए योगी बोले कि जब उन्होंने 2017 में पदभार संभाला था, तो राज्य में वेतन के लिए भी पर्याप्त धन की कमी थी, फिर भी टीम वर्क और सामूहिक समर्थन के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की गई है। उन्होंने बताया कि आज तक उत्तर प्रदेश में 5.14 करोड़ वंचित व्यक्तियों को आयुष्मान भारत योजना का गोल्डन कार्ड मिला है।ष्एक जिला, एक मेडिकल कॉलेजष संकल्प को पूरा करना है लक्ष्य आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर में एम्स की स्थापना के साथ ही कुशीनगर, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बहराइच, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, अयोध्या, प्रतापगढ़ में मेडिकल कॉलेज शुरू हो गए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कभी केवल 18 मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन आज 64 जिलों में स्वास्थ्य सेवा संस्थान स्थापित हो चुके हैं। शेष 6–7 जिलों के लिए नई नीति के साथ मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है। विकास की यह गति बताती है कि अगले तीन वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनजाएगा।सीएम ने कहा कि हमएक जिला, एक मेडिकल कॉलेज के संकल्प को पूरा करेंगे।पछली सरकारों पर किया वारपिछली सरकारों पर राज्य के तराई जिलों की उपेक्षा और अनदेखीकरने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराजगंज जिला ष्अब उपेक्षित नहीं हैष। आजादी के बाद से तराई के जिलों को लगातार उपेक्षा का सामना करना पड़ा है, जिसे अक्सर पिछली सरकारों द्वारा अनदेखा किया जाता था। आज के समय में महाराजगंज जिले को 940 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं मिली हैं, जो एक बड़ी प्रगति है।राज्य में विकसित किए जा रहे नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेज उन्होंने कहा, ष्इन नए मेडिकल कॉलेजों तक अच्छी कनेक्टिविटी सु. निश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथ. मिकता है। इसके अलावा, स्वास्थ्य सेवा कार्यबल को मजबूत करने के लिए पूरे राज्य में नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेज विकसित किए जा रहे हैं।ष उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की आर्थिक शक्ति बन रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है। विकास की यह गति बताती है कि अगले तीन वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

### किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म... आरोपियों ने वीडियो किया वायरल, पुलिस ने दोनों को किया गिरफ्तार

किशोरी को होटल में ले जाकर गैंगरेप करने और अश्लील वीडियो वायरल के मामले पुलिस में आरोपी इंजमाम और मुरसलीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि एक आरोपी अभी ही पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस ने आरोपी इंजमाम के कब्जे से मोबाइल भी बरामद किया है।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने पुलिस को दिए शिकायतीपत्र में आरोप लगाते हुए कहा था कि उसकी बेटी के सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो वायरल हो रहे थे। युवती से पूछताछ की तो उसने बताया कि लगभग एक माह पहले एक जान पहचान का डॉक्टर मुरसलीन दवा दिलाने के बहाने उसको मुरादाबाद ले गया था।रास्ते में उसने कार में सरताज आलम को बैठा लिया। दोनों युवक पीड़ित युवती को एक होटल ले गए जहां पर दोनों ने दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। इसके बाद किशोरी को घर लाकर छोड़ दिया। आरोप है एक युवक इंजमाम ने किसी तरह अश्लील वीडियो को मुरसलीन से ले लिया।इसके बाद वह किशोरी को वीडियो वायरल की धमकी देते हुए शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। जब किशोरी ने उसकी बात नहीं मानी तो उसने अश्लील वीडियोवायरल कर दिया। पुलिस ने युवती के पिता की शिकायत के आधार पर गैंगरेप और वीडियो वायरल करने के मामले में तीन लोगों इंजमाम, मुरसलीन, सरताज के खिलाफमुकदमा दर्ज किया थापुलिस ने इंजमाम और मुरसलीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि सरताज अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। वहीं बीती 15 अक्तूबर को एक गांव से अगवा किशोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया है। साथ ही पुलिस ने किशोरी को बहला फुसलाकर अगवा करने के आरोप में भानु उर्फ भुवनेश निवासी ग्राम खदाना थाना मझोला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# सीएम योगी ने दिए निर्देश, पीड़ितों की मदद या जन समस्याओं के निस्तारण में न हो लापरवाही

सीएम योगी जनता दर्शनरू मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण सु. निश्चित कराएंगे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जन समस्याओं के निस्तारण और पीड़ितों की मदद में विलंब या लाप. रवाही किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिए। लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।किसी पीड़ित की समस्या के निस्तारण में यदि कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर समाधान कराया जाए। किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया तो संबंधित की जवाबदेही तय की जाए।सीएम योगी ने यह निर्देश शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। मंदिर परिसर के



महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।कुछ प्रकरणों पर उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया कि यह भी पता लगाएं कि यदि किसी को प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधि सम्मत कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया।आवास व अन्य जरूरतों की मांग को लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा।उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण सु. निश्चित कराएंगे। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही हिदायत दी कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।उन्होंने अफसरों से कहा कि जो जरूरतमंद किन्हीं भी कारणों से आवास से वंचित रह गए हैं उन्हें पीएम या सीएम आवास योजना का आवास दिलाया जाए।हर बार की तरह इस बार भी जनता दर्शन में कई लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें।इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी। जनता दर्शन में कई महिलाएं अपने छोटे बच्चों को साथ लेकर आई थीं। सीएम ने सभी को प्यार दुलारकर आशीर्वाद और चॉकलेट दिया।मंदिर की गोशाला में मुख्यमंत्री ने की गोसेवाश. निवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन–पूजन करने और



अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर मत्था टेकने के बाद मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला में पहुंचे। यहां उन्होंने गोसेवा करते हुए गोवंश को अपने हाथों से गुड़ खिलाया।कुछ गोवंश को उन्होंने उनके नाम से आवाज दी तो वे दौड़ते हुए मुख्यमंत्री के पास चले आए। सीएम ने उन्हें खूब दुलारा। सीएम योगी ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

# भूमि और भवन कर लागू करने का प्रस्ताव

गंजडुंडवारा। नगर पालिका बोर्ड की बैठक नायब तहसीलदार मुकेश कुमार की उपस्थिति में पालिका परिसर में आयोजित की गई। इसमें शासन से निर्धारित भूमि और भवन कर लागू करने के प्रस्ताव पर सभासदों ने समय मांगा और प्रस्ताव को अगली बैठक के लिए टाल दिया गया। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार ने पालिका सीमा के अंतर्गत भवन व भूमि दोनों के वार्षिक मूल्य के कर की वर्ग फीट की दर से सूची शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार प्रस्तावित की। इस पर सभासद कृष्ण कुमार ने कहा कि कस्बा पिछड़ा क्षेत्र है। कस्बा में आर्थिक कमजोर लोग भी निवास करते हैं। इससे जनता पर बोझ बढ़ेगा। सभासदों ने इस पर मंथन करने के लिए समय मांगा और प्रस्ताव को अगली बैठक के लिए टाल दिया गया। सभासद विजय गुप्ता ने मुख्य मुख्य चौराहों, तिराहों तथा मंदिर मस्जिद, स्कूलों के सामने मेन बाजारों में स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग की। सभासद आले इमरान, रवि शाक्य, ललित वर्मा ने मच्छरों से निजात पाने को फोगिंग कराने व एंटी लार्वा दवा छिड़काव की मांग की। सभासद भुवनेश शाक्य ने सफाई व्यवस्था सुधारने की बात कही।

# दिल्ली में महिला सहित दो बंटी बबली गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़ी कार्रवाई में दो ऐसे शातिर ठगों को गिरफ्तार किया, जो बॉलीवुड के फिल्मी पात्र बंटी और बबली से प्रेरित थे. ये ठग लोगों को 500 रुपये के नोटों का नकली बंडल दिखा कर उनसे ठगी की वारदात को अंजाम देते थे. पुलिस ने इनके पास से दो जोड़ी गोल्ड ईयररिंग, एक गोल्ड मंगलसूत्र और एक नकली नोटों का बंडल बरामद किया है.गिरफ्तार किए गए ठगों में से एक महिला भी शामिल है. पुलिस के अनुसार ये ठग लोगों को नकली करेंसी दिखाकर उन्हें ठगते थे. लिव इन में रहते थे दोनों ठग बंटी और बबली की तर्ज पर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले ये ठग अब तक कई लोगों को अपना शिकार बना चुके हैं. एसीपी नरेंद्र खत्री की देखरेख और स्पेशल स्टाफ के इंचार्ज इंस्पेक्टर राम किशन के नेतृत्व वाली एसआई विपिन कुमार, एएसआई मुरारी लाल, हेड कॉन्स. टेबल शेखर, विकास कुमार, कांस्टेबल



अवनीश, अमन और महिला कॉन्स्टेबल अनीशा की टीम ने इन दोनों ठगों को गिरफ्तार करने में कमायाबी पाई है. डीसीपी सचिन शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए ठगों की पहचान चंदर विहार के रहने वाले राहुल सोलंकी (19) और एक महिला के रूप में हुई है. पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि वे दोनों लिव–इन मे रहते हैं. कमल नाम का उनका एक सहयोगी भी है, जो कि उसका भाई है. वे 500 रुपये के नकली नोटों का बंडल दिखा कर लोगों को ठगते थे. दिल्ली वाले ऐसे ठगों से रहें सावधानदिल्ली पुलिस अधिकारी ने दिल्ली की जनता से अपील की है कि ऐसे ठगों से लोग सावधान रहें. कुछ संदेहास्पद लगने पर तुरंत पुलिस को कॉल करें. ताकि ऐसे ठग भोले भाले लोगों को अपना शिकार न बना सके. दिल्ली पुलिस ने इनके पास से कई साक्ष्य भी बरामद किए हैं. आरोपियों के खिलाफ बीएनएस से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया.

# यूपी में स्कूल बस पर फायरिंग गोलियों की आवाज सुन सीटों के नीचे छिपे बच्चे, दहशत में परिवार से लिपट रोए बच्चे

अमरोहा के गजरौला के खाद गुर्जर और नगला माफी गांव के बीच की शुक्रवार सुबह बच्चों से भरी स्कूल बस पर फायरिंग और पथराव की घटना हो गई। 28 विद्यार्थी दहशत में घिर गए। एसपी और एएसपी ने घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी जुटाई है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है।अमरोहा के दरियापुर बुजुर्ग गांव स्थित एसएसआरएस इंटरनेशनल स्कूल की बस पर शुक्रवार की सुबह तीन नकाबपा. `शों ने अचानक फायरिंग कर दी। बाइक सवार नकाबपोशों ने बस पर ईंटें भी बरसाईं। घटना से बस में सवार 28 विद्यार्थी दहशत में घिरे रहे। चालक ने बस दौड़ाकर खुद को व बच्चों को बचाया। पुलिस ने इस मामले में तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है।गजरौला से दरियापुर बुजुर्ग गांव में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह का स्कूल है। उनकी पत्नी ब्लॉक प्रमुख हैं। वीरेंद्र सिंह के भतीजे पुनीत ने बताया कि चौकपुरी गांव निवासी मोंटी सैनी स्कूल बस पर चालक है। वह इस बस से नगला माफी, चौकपुरी, लखमिया, हयातपुर आदि गांवों के बच्चों को स्कूल में लाने और घर पहुंचाने की ड्यूटी करता है। शुक्रवार सुबह वह बच्चों को लेकर आ रहा था। बस में 28 छात्र–छात्रा सवार थे। 7.50 बजे वह खादगुर्जर और नगला माफी के बीच एक पुलिया के निकट पहुंचा तो रास्ते में खड़े युवक ने अपनी बाइक रास्ते में लगाकर स्कूली बस रोक ली। इस बीच आम के बाग में छिपे उसके दो साथी आ गए। उन्होंने बस पर फायरिंग कर दी। ईंटें भी बरसाईं। जिस पर चालक ने बस को गजरौला की तरफ तेज रफ्तार से दौड़ा दिया। बाइक सवारों ने उसका पीछा किया लेकिन चालक आगे बढ़ने में कामयाब रहा। सुरक्षित जगह पहुंचकर चालक ने पुलिस और स्कूल प्रबंधन को फोन कर घटना की सूचना दी। सूचना पर पुलिस आला

अधिकारी मौके पर पहुंचे सहमे छात्र–छात्राओं से जानकारी ली। चालक से भी पूछताछ की। पुलिस ने चालक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मुख्य आरोपी अनुज को हिरासत में ले लिया है।स्कूली बस से स्कूटी टकराने को लेकर थी रंजिशपुलिस के मुताबिक गांव नगला माफी निवासी अनुज की स्कूटी पांच दिन पहले इस स्कूल बस से टकरा गई थी। उस वक्त बस चालक मोंटी और अनुज के बीच कहासुनी हुई थी। तब

के चेहरे पर दहशत थी। कई बच्चे खौफ के चलते कुछ बोल ही नहीं पा रहे थे। जबकि, कुछ का कहना था कि अभी तक फिल्मों में ऐसा कुछ देखा था।शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह के स्कूल की बस में सवार 28 बच्चे स्कूल आ रहे थे। रोजाना की तरह बच्चे आपस में बात करते जा रहे थे। सभी अपनी मस्ती में मशगूल थे। लेकिन, बस चालक मोंटी सैनी और उसमें सवार 28 विद्यार्थी और

अभिभावकविद्यार्थियों से भरी स्कूल बस पर फायरिंग किए जाने के बाद चालक बस को लेकर स्कूल में आया। जानकारी मिलते ही आसपास गांवों के अभिभावक भी स्कूल में पहुंच गए। अभिभावकों के

गुर्जर गांव में चौराहा पहुंचा, तो चौराहा पर सामने से इसी स्कूल की एक और बस आ गई थी।

दोनों बस आपस में टकराने से बची थीं। उधर, हमलावरों ने भी खाद गुर्जर चौराहा तक बस का पीछा किया। बस रुकने पर चालक ने बच्चों को सुरक्षित करने के लिए एक दुकान में छिपा दिया। उधर, मामले की जानकारी होने पर लोगों की भीड़ जुट गई, जिन्हें देखकर आरोपी भाग गए। इसके बाद चालक घटना से सहमे बच्चों को बस से लेकर स्कूल में पहुंचा। खाद गुर्जर चौराहे से स्कूल की दूरी करीब पांच किलोमीटर है।घटना की जानकारी होते ही स्कूल दौड़ पड़े अभिभावक घने बागों के बीच से गुजर रहे रास्ते पर 28 विद्यार्थियों से भरी बस को रोक कर फायरिंग की घटना से कुछ ही देर में क्षेत्र में फैल गई। जिसने भी सुना, वह उधर को दौड़ पड़ा। जानकारी होने पर अभिभावक भी स्कूल पहुंचे और अपने बच्चों के बारे में पूछने लगे। उन्होंने बच्चों से पूछा कि उनको कोई नुकसान तो नहीं हुआ है। काफी देर तक सहमे रहे बच्चों नेअभिभावकों और शिक्षकों को अपनी आपबीती सुनाई। बताया कि किस तरह बस पर फायरिंग की गई। फायरिंग और पथराव होने पर वह डर गए थे।अनुज को बेगुनाह बता रहे परिजनस्कूली बच्चों से भरी बस पर फायरिंग करने में नामजद अनुज निवासी नगला माफी के परिजन भी शुक्रवार शाम थाने में आए। यहां पर उन्होंने पुलिस से मिलकर कहा कि उनके बेटे को गलत फंसाया जा रहा है। जिस समय घटना हुई, वह उस वक्त वह बुग्गी लेकर चारा लेने जा रहा था। रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल लिए जाएं। सब सच्चाई सामने आ जाएगी कि वह इस घटना में नहीं है। सीओ श्वेताभ भास्कर




मामला शांत हो गया था, लेकिन अनुज उससे रंजिश रखने लगा। आरोप है कि रंजिश के चलते अनुज ने शुक्रवार को अपने दो साथियों के साथ घटना को अंजाम दियागजरौला में स्कूल बस पर फायरिंग की आवाज सुन सीटों के नीचे छिप गए बच्चभाजपा नेता के स्कूल की बस पर हुई फायरिंग और पथराव से बच्चे घबरा गए। बस में चीखपुकार मच गई।घटना से घबराई छात्रा अवस्था ने बताया कि जैसे ही फायरिंग हुई तो वह सीटों के नीचे छिप गए। छोटी उम्र में इस तरह की वारदात को देखकर बच्चों

शिक्षिका कुछ समझ पाते, इससे पहले ही तीनों आरोपियों ने बस पर फायरिंग कर दी। जिससे विद्यार्थियों में चीख पुकार मच गई। दहशत के चलते बस में सवार मासूम सहम गए। बस में सवार कक्षा तीन की लावना, छठी के लक्षित, तनिष्क, कक्षा पांच की अभी व अवंतिका और कक्षा सात के पारस ने बताया कि वह पहले तो समझ ही नहीं पाए कि क्या हो गया है। क्योंकि, वह तो रोजाना बेखौफ आते–जाते थे। उनको यह अंदेशा ही नहीं था कि उनकी बस पर कोई हमला कर सकता है।लेकिन, जैसे ही ड्राइवर

पहुंचते ही सहमे बच्चे उनसे गले मिलकर रोने लगे। वहीं, अभिभावक बच्चों को घर ले जाना चाहते थे। कुछ ने प्रधानाचार्य से स्कूल की छुट्टी करने की बात कही, लेकिन स्कूल स्टाफ और प्रबंधन ने साफ कह दिया कि घटना तो हुई है, लेकिन डरने की जरूरत नहीं है। स्कूल की पढ़ाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूल स्टाफ और प्रबंधन प्रतिबद्ध है चालकने विद्यार्थियों को एक दुकान में छिपाया एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल की विद्यार्थियों से भरी बस पर फायरिंग होने पर चालक ने बस को तेज गति से दौड़ा दिया। चालक घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर बस को लेकर खाद

# मुरादाबाद में 29 से 31 तक बाजारों में नहीं जाएंगे वाहन



मुरादाबाद धनतेरस के मद्देनजर मुरादाबाद पुलिस ने बाजारों में सुरक्षा बढ़ाते हुए वनवे ट्रैफिक और वाहन प्रतिबंध की व्यवस्था की है। 27 और 28 अक्टूबर को टाउनहॉल से गुरहट्टी तक वनवे रहेगा, जबकि 29 से 31 अक्टूबर तक बाजारों में वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।धनतेरस को लेकर मुरादाबाद पुलिस प्रशासन ने बाजारों में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त करने के साथ ही वनवे ट्रैफिक की व्यवस्था की है। रविवार और सोमवार को शहर के गुरहट्टी चौराहे से टाउनहॉल तक तक यातायात वनवे रहेगा। इस दौरान गुरहट्टी चौराहे से टा. उनहॉल की ओर वाहन जा सकेंगे, लेकिन टाउनहॉल से गुरहट्टी की ओर कोई वाहन नहीं आएगा।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि 27 और 28 को वनवे ट्रैफिक की व्यवस्था की गई है। वहीं 29 से 31 अक्तूबर से बाजारों में पूरी तरह से वाहनों के संच. ालन पर रोक लगा दी जाएगी। इसके बाद गुरहट्टी चौराहे, जीआईसी चौराहा, संभली गेट, बुध बाजार चौक से कोई वाहन बाजार में नहीं जाने दिया जाएगा।

# 30 दिन में आया फैसला बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा, बीएनएस में सुनाई प्रदेश की दूसरी सजा

अतरौली क्षेत्र में एक मानसिक रूप से कमजोर किशोरी से दुष्कर्म के मामले में 29 दिन में इसी अदालत ने दोषी को 20 साल की सजा सुनाई थी।मासूम के साथ दुष्कर्म के दोषी को एडीजे पॉक्सो सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत ने बीस साल की सजा सुनाई है। साथ ही पचास हजार का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला कोर्ट ट्रायल शुरू होने के महज तीस दिनों में आया है। बीएनएस के तहत दर्ज मुकदमे में आया यह फैसला प्रदेश का दूसरा माना जा रहा है।विशेष लोक अभियोजक महेश सिंह ने बताया कि सासनीगेट थाना क्षेत्र के एक इलाके में रहने वाली पांच साल की बच्ची के दादा ने मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें कहा था कि तीन जुलाई की शाम चार बजे उनकी पांच वर्षीय पोती अपने भाई के साथ क्षेत्र के ही मंदिर में गई थी। मंदिर के पास ही मध्यप्रदेश के रायसेन के मैन रोड हनुमान मंदिर देहरी कड़का निवासी जमनादास उर्फ जालम सिंह मिला। वह बच्ची को लालच देकर अपने कमरे में ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। भाई ने घर आकर परिवार वालों को घटना बताई, जिसके बाद लोगों ने आरोपी को पकड़कर पीट डाला और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। विवेचना सीओ प्रथम अभय कुमार पांडेय ने की और सात दिन में चार्जशीट लगा दी। कुल नौ गवाह परीक्षित कराए गए। 25 सितंबर को आरोप तय किए गए थे। इसके बाद 27 सितंबर को वादी व पीड़िता की गवाही हुई, 30 सितंबर को बच्ची के पिता की गवाही, तीन अक्तूबर को बच्ची की मां व चाचा की गवाही हुई। नौ अक्तूबर को सीओ अभय कुमार पांडेय व एसआई संदीप कुमार की गवाही हुई।इसी क्रम में 14 अक्तूबर को



एफआईआर लेखक शिल्पी पाल व डॉ आकांक्षा यादव की गवाही, 15 अक्तूबर को मुल्जिम के बयान, 17 अक्तूबर को सफाई साक्ष्य, 19 अक्तूबर को बहस पूरी हुई। इसके बाद साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर शुक्रवार को अदालत ने पुजारी को दोषी मानते हुए 20 साल की सजा सुनाई है।इस संबंध में संयुक्त निदेशक अभियोजन संतोष कुमार उपाध्याय के अनुसार मिशन शक्ति अभियान के तहत यह नए कानून में प्रदेश की दूसरी सजा है। पुलिस व अभियोजन द्वारा पत्रावली को चिह्नित करके प्रभावी पैरवी कराई गई है। इससे पहले प्रदेश की पहली सजा 19 अक्तूबर को सुनाई गई थी। जिसमें अतरौली क्षेत्र में एक मानसिक रूप से कमजोर किशोरी से दुष्कर्म के मामले में 29 दिन में इसी अदालत ने दोषी को 20 साल की सजा सुनाई थी।

## दुबई कांफ्रेंस में अनंत ने किया संबोधन, एएमयू में रहे बीटेक के छात्र




अलीगढ आईईईई कम्युनिकेशन सोसाइटी, वह संस्था है जिसके 190 देशों में 460000 से ज्यादा सदस्य हैं। संस्था द्वारा दुबई में कांफ्रेंस आयोजित की गई।अलीगढ़ के अनंत अग्रवाल ने दुबई में आयोजित आईईईई कम्युनिकेशन सोसा. इटी की कॉन्फ्रेंस में दिल्ली चौप्टर की तरफ संबोधन किया। अनंत अग्रवाल आ. ईआईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर विवेक अशोक वोहरा के सानिध्य में पीएचडी कर रहे हैं, जिन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से बीटेक की डिग्री प्राप्त की। आईईईई कम्युनिकेशन सोसाइटी, वह संस्था है जिसके 190 देशों में 460000 से ज्यादा सदस्य हैं। संस्था द्वारा दुबई में कांफ्रेंस आयोजित की गई। जिसमें अनंत अग्रवाल ने अपने शोध के अंतर्गत दिल्ली चौप्टर की तरफ से एडॉप्टिव ट्रैफिक सिग्नल साइकिल कंट्रोल फॉर ग्रीन सिटी ट्रैफिक मैनेजमेंट पर संबोधन दिया। आईआईआईटी दिल्ली के राहुल कुमार ने भी शोध पत्र प्रस्तुत किया, जिसे प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

# अतरौली में दो व्यापारियों के घर घुसा चोर, लाखों की चोरी, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ चोर

अतरौली के मोहल्ला छिपैटी में 25 अक्तूबर तड़के एक चोर कस्बा के दो व्यापारियों के घर में घुस गया। एक के घर से लाखों रुपये के जेवर व नकदी चुरा ली, हालांकि दूसरे के घर से उसे कुछ नहीं मिला। चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है।अजय वार्ष्णेय पुत्र दिनेश राठी की चौराहा पर मिष्ठान की दुकान है। तड़के करीब 4.30 बजे वह दुकान पर चले गए। घर पर पत्नी और बच्चे थे। इसी दौरान एक चोर टहलता हुआ गली में आया और चुपके से उनके घर में घुस गया। व्यापारी ने बताया है कि यहां से सोने के जेवर और 20 हजार रुपये निकाल ले गया। कुछ देर बाद अजय की पत्नी जब कमरे में पहुंची तो सामान बिखरा देखा। चोरी की जानक. ारी पति को फोन पर दी। गली में लग रहे सीसीटीवी कैमरे देखे तो एक चोर घर में घुसता हुआ नजर आया। इसके बाद वह व्यापारी अखिलेश चंद के यहां पहुंचा। वहां भी चोरी की कोशिश की, लेकिन उसके हाथ कुछ नहीं लगा। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



नागरिक सुरक्षा कलेक्ट्रेट आगरा में उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा (आगरा,अलीगढ़, फिरोजाबाद) श्री मुनेश कुमार गुप्ता महोदय एवं वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक श्रीमती संगीता त्रिपाठी महोदया से औपचारिक भेंट करते प्रभारी निरीक्षक नागरिक सुरक्षा अलीगढ़ श्री सी .पी सिंह महोदय एवं उप प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह सैक्टर वार्डेन रामेश्वर , गोविन्द सिंह,





## खैर विधानसभा की सामान्य प्रेक्षक से सर्किट हाउस में मिल सकते हैं आमजन

खैर उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार ने जानकारी दी है कि 71–खैर उप निर्वाचन–2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेक्षक (सामान्य) के. कर्पगम (आईएएस) की नियुक्ति की गई है। प्रेक्षक की ठहरने की व्यवस्था क्वार्सी सर्किट हाउस के कमरा नं0 1 में की गई है। उनके स्थानीय मोबाइल नंबर 8923936388 है। इसके साथ ही,प्रेक्षक के लाइजनिंग ऑफिसर मौ.अमान, डिप्टी कलेक्टर, का मोबाइल नंबर 9910427195 है। आम जनता से अपील की गई है कि वे आवश्यकतानुसार प्रेक्षक से मिल सकते हैं।

**डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 26 अक्टूबर को**

जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 26 अक्टूबर को सांय 04:30 बजे आहुत की जाएगी। सचिव जिला सड़क सुरक्षा समिति ने उक्त जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों से आव्हान किया है कि वह निर्धारित समय व स्थान पर अपने विभाग से संबंधित दिए गए निर्देशों की अनुपालन आख्या एवं अद्यतन सूचना सहित बैठक में स्वयं प्रतिभाग करना सु. निश्चित करें।

## सभी एसडीएम पीएम किसान योजना में तहसील स्तर पर लंबित आवेदनों का सावधानीपूर्वक करें निस्तारण

अलीगढ़ उप कृषि निदेशक यशराज सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना भारत सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें किसानों को वार्षिक 6000 रूपये तीन समान किस्तों में डीबीटी के माध्यम से प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि 21 सितंबर 2024 के बाद, प्रदेश में 16 लाख 95 हजार 200 किसानों ने पोर्टल पर पंजीकरण कराया है।

यशराज सिंह ने बताया कि कुछ किसान, जो पति–पत्नी या नाबालिग हैं, और जिन्होंने 01 फरवरी 2019 के बाद भूमि खरीदी है, वे भी योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण करा रहे हैं। डीडी कृषि ने सभी उप जिलाधिकारियों से अनुरोध किया है कि नये पंजीकृत किसानों का सत्यापन करते समय घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त करें, जिसमें पति–पत्नी एवं नाबालिग संतानों के विवरण दर्ज किए जाएं। उन्होंने यह भी बताया कि किसानों को सोशल मीडिया और अन्य प्रचार माध्यमों से योजना की पात्रता के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि वे अनियमित पंजीकरण से बच सकें।

## वीमेन्स कालिज में कैरियर मार्गदर्शन एवं परामर्श सत्र का आयोजन



अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वीमेन्स कालिज द्वारा प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट कार्यालय (जनरल) के सहयोग से छात्राओं के लिए कैरियर ओरिएंटेशन एवं परामर्श सत्र का आयोजन किया, ताकि उन्हें कैरियर लक्ष्य बनाने और अपने भविष्य के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण विकसित करने के महत्व को समझने में मदद मिल सके। इसमें व्यक्तित्व विकास और प्रासंगिक कौशल को बढ़ाने पर जोर दिया गया। साद हमीद, टीपीओ (जनरल) ने कैरियर नियोजन के विभिन्न पहलुओं और इसके लिए आवश्यक तैयारी पर चर्चा की।डा. मंसूर आलम सिद्दीकी (टीपीओ, वीमेन्स कालिज) ने वीमेन्स कालिज और टीपीओ के बीच और अधिक पारस्परिक सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया और छात्राओं से कैरियर लक्ष्य बनाने और उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर स्वयंसेवकों को टीपीओ कार्यक्रमों के आयोजन में उनकी मदद और सहयोग के लिए मूल्यांकन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अनाया सिंह ने कार्यक्रम के आयोजन में अहम भूमिका, जबकि किसा जेहरा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## शॉर्ट सर्किट से बिल्डिंग में लगी आग, लाखों का सामान जलकर हुआ राख

अलीगढ़ के थाना सासनी गेट अंतर्गत जयगंज में फाइनेंस महाभारत की बिलि. डंग में भीषण आग लग गई। आग से आसपास के क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई।एक बिल्डिंग में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि लाखों का सामान जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी।

अलीगढ़ के थाना सासनी गेट अंतर्गत जयगंज में फाइनेंस महाभारत की बिलि. डंग में भीषण आग लग गई। आग से आसपास के क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई। दमकल की गाड़ियों ने बड़ी मुश्किल से आग बुझाई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। मकान मालिक ने बताया है कि काफी



नुकसान हुआ है। स्थानीय प्रशासन मामले की जांच कर रहा है

# मलाइका अरोड़ा के मुश्किल वक्त में साथ दिखे थे सलमान खान

## मलाइका अरोड़ा के पिता अनिल अरोड़ा का निधन पर सलमान खान और पूरी खान फैमिली उनके साथ खड़ी दिखीं.

पिछले महीने मलाइका अरोड़ा के पिता अनिल अरोड़ा का निधन हो गया था. इस मुश्किल घड़ी में मलाइका अरोड़ा के एक्स हसबैंड अरबाज खान और उनकी पूरी फैमिली उनके साथ थी. सलमान खान शहर से बाहर थे, लेकिन मुंबई आते ही वे एक्स भाभी मलाइका से मिलने पहुंचे थे. 2017 में अरबाज खान से तलाक लेने के बाद ये पहली बार था जब सलमान मलाइका से मिलने गए थे. इसे लेकर हाल ही में उनके भाई सोहेल खान की एक्स वाइफ सीमा सजदेह ने बात की है.सलमान खान और पूरी खान फैमिली जिस तरह मलाइका अरोड़ा को सपोर्ट करती दिखी, इसे सीमा सजदेह ने काफी सराहा है. न्यूज18 को दिए हालिया इंटरव्यू में उन्होंने कहा– श्वे चट्टान की तरह हैं, जब कोई मुसीबत आती है या आपको किसी चीज की जरूरत होती है, तो वे सभी वहां मौजूद होते हैं. यही बात उन्हें एक ऐसी फैमिली बनाती है. फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्सश सीजन 3 को लेकर चर्चा में सीमासीमा सजदेह इन दिनों अपनी हालिया रिलीज सीरज श्फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्सश के सीजन 3 को लेकर चर्चा में



हैं. ये वेब सीरीज 18 अक्टूबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है. श्फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्सश में सीमा के अलावा भावना पांडे, महीप कपूर और नीलम कोठारी भी हैं. वहीं रिद्धिमा कपूर साहनी, कल्याणी चावला और शालिनी पासी ने इस सीरीज से स्क्रीन डेब्यू किया है.सलमान खान का वर्कफ्रंट

सलमान खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे आखिरी बार पिछले साल दिवाली पर रिलीज हुई फिल्म श्टाइगर 3 में नजर आए थे. फिलहाल सुप. रस्टार बिग बॉस 18 होस्ट कर रहे हैं. इन दिनों वे अपनी अपकमिंग एक्शन फिल्म सिकंदर की शूटिंग में भी बिजी चल रहे हैं.



## उर्वशी रौतेला ने तिगुने उम्र के एक्टर संग पर्दे पर फरमाया था इश्क, सालों बाद बोलीं- मैं उनके बेटों से भी छोटी हूं

उर्वशी रौतेला ने साल 2013 में रिलीज हुई फिल्म श्सिंह साब द ग्रेटश से बॉलीवुड डेब्यू किया था. इस फिल्म में सनी देओल लीड रोल में थे. फिल्म में दोनों की केमिस्ट्री दिखाई गई थी जिसे लेकर उर्वशी ने 11 साल बाद बात की है. उन्होंने बताया है कि जब उन्होंने ये फिल्म की तो सनी देओल उम्र में उनसे 38 साल बड़े थे. उन्होंने उम्र के इस अंतर को बॉलीवुड के इतिहास का सबसे बड़ा एज गैप बताया. के साथ एक इंटरव्यू में उर्वशी रौतेला ने अपनी उम्र से कई ज्यादा उम्र वाले एक्टर्स के साथ काम करने को लेकर बात की. श्सिंह साब द ग्रेटश में अपने और सनी देओल के एज डिफ्रेंस का हवाला देते हुए उन्होंने कहा– श्ये बॉलीवुड के इतिहास में उम्र का सबसे बड़ा अंतर है, अगर मैं गलत हूं तो मुझे सुधारें.श्मैं उनके बेटों से भी छोटी थी, लेकिन...सनी देओल और अपने बारे में उर्वशी कहती हैं– हमारी उम्र में 38 साल का अंतर था. मैं उनके बेटों से भी छोटी थी, लेकिन अगर डायरेक्टर सोचते हैं तो कोई दिक्कत नहीं है.श बता दें कि सनी देओल के दो बेटे हैं. उनके बड़े



बेटे करण देओल की उम्र 33 साल जबकि छोटे बेटे राजवीर देओल की उम्र 30 साल है. वहीं सनी के दोनों बेटों से खुद छोटा बताने वाली एक्ट्रेस उर्वशी भी 30 साल की ही हैं.60 साल के एक्टर संग काम करेंगी उर्वशी रा. तेला जहां उर्वशी रौतेला ने पहले 38 साल बड़े एक्टर सनी देओल के साथ काम किया, तो वहीं अपने अगले प्रा. जेक्ट के जरिए वे इस रिकॉर्ड को तोड़ने वाली हैं. दरअसल उर्वशी अब 60 साल के नंदामुरी बालकृष्ण के साथ फिल्म में नजर आने वाली हैं. इस अनटाइटल्ड फिल्म में बॉबी देओल, रवि किशन, दुलकर सलमान, प्रकाश राज और पायल राजपूत भी दिखाई देंगे.

## परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने लिया स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का आशीर्वाद






बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने आप सांसद राघव चड्ढा से शादी की है. इन दिनों एक्ट्रेस दिल्ली में हैं. जहां उनका ससुराल है. हाल ही में राघव और परी के दिल्ली वाले घर गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज पहुंचे. जिनसे दोनों ने आशीर्वाद लिया. नीचे परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने अपने दिल्ली वाले घर में गुरु शंकराचार्य



स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज से मुलाकात की.परी और राघव ने शंक. राचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ पूजा की और उनका आशीर्वाद भी लिया. इन तस्वीरों में परिणीति जहां येलो कलर के सूट में नजर आ रही हैं. वहीं राघव व्हाइट कुर्ते पायजामे में दिखे.परिणीति ने अपना लुक बालों को खुलाकर रखकर और कानों में बड़े झुमके पहनकर पूरा किया है.बता दें कि परिणीति चोपड़ा करवाचौथ से एक दिन पहले अपने ससुराल दिल्ली पहुंची थी. जहां उन्होंने अपने पति और फैमिली के साथ त्योहार सेलिब्रेट किया.इस दौरान परिणीति पिंक कलर के सूट में नजर आई. एक्ट्रेस ने अपना लुक काफी सिंपल रखा था.

## गदर 2 एक्ट्रेस अमीषा पटेल की अनोखी पहल, दिवाली पर नहीं खरीदतीं पटाखें

दिवाली आने वाली है और देशभर में त्योहार को लेकर एक्साइटमेंट है. बॉलीवुड गलियारों में भी दीवाली पार्टी का सिलसिला पहले ही शुरू हो चुका है. हाल ही में एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने भी अपने घर पर दिवाली पार्टी होस्ट की. इस दौरान उन्होंने खुलासा किया कि वे दिवाली पर पटाखें नहीं खरीदतीं, बल्कि उन पैसों को बचाकर एक खास काम करती हैं.एएनआई से बात करते हुए अमीषा पटेल ने कहा– हैप्पी दिवाली, मैं सभी के लिए अच्छी हेल्थ, समृद्धि, प्यार, कामयाबी, खुशी और शांति के लिए दुआ करती हूं. जब मैं छोटा था, तो मैंने अपनी सेविंग्स को पटाखों पर बर्बाद करने के बजाय दान में देने का फैसला किया. मेरी दादी को मेरे फैसले पर खास तौर से बहुत गर्व था. तब से हर साल, मैंने दिवाली पर पैसे दान करने का नियम बना लिया है. श्शगदर 2श से अमीषा पटेल की शानदार वापसी बता दें कि अमीषा पटेल आखिरी बार सनी देओल के साथ फिल्म गदर 2 में नजर आई थीं. पिछले साल 11 अगस्त को रिलीज हुई फिल्म गदर का सीक्वल गदर 2 ब्लॉकबस्टर साबित हुई. इस फिल्म से अमीषा की पर्दे पर शानदार वापसी हुई. गदर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था. सनी और अमीषा के अलावा उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर भी फिल्म का हिस्सा थे.इन फिल्मों में किया काम अमीषा पटेल ने साल 2000 में रिलीज हुई फिल्म कहो ना प्यार है से बॉलीवुड डेब्यू किया था.



इस फिल्म में ऋतिक रोशन लीड एक्टर के रोल में थे. अमीषा ने अजय देवगन, अक्षय खन्ना, बॉबी देओल और सलमान खान के साथ भी काम किया है. वे गदर एक प्रेम कथा, हमको तुमसे प्यार है ये जिंदगी का सफर, परवाना हमराज, सुनो ससुरजीश और श्मेरे जीवनसाथी जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं.

## आमिर खान की इस ऑनस्क्रीन बेटी ने दो साल में कमा डाले थे 2900 करोड़,



बॉलीवुड की कई एक्ट्रेसेस ने स्टारडम हासिल करने के बावजूद शादी या फिर दूसरी वजहों से फिल्म इंडस्ट्री छोड़ दी. आज हम यहां आपको ऐसी ही अभिनेत्री के बारें में बताएंगें जो महज दो फिल्मों से सुपरस्टार बन गई थीं. उन्होंने बॉक्स ऑफिस पर 2900 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की लेकिन फिर अचानक इन्होंने ग्लैमर इंडस्ट्री को छोड़ने का ऐलान कर हर किसी को हैरान कर दिया था.हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं उन्होंने आमिर खान, फरहान अख्तर और प्रियंका चोपड़ा जैसे सुप. रस्टार्स के साथ स्क्रीन शेयर की थीहालांकि इस अभिनेत्री ने फिर अपने धर्म का पालन करने के लिए इंडस्ट्री को अलविदा कह दिया. ये कोई और नहीं दंगल और सीक्रेट सुपरस्टार फेम जायरा वसीम हैं.जम्मू–कश्मीर में एक कश्मीरी मुस्लिम परिवार में जन्मी जायरा वसीम ने सिर्फ 15 साल की उम्र में अपनी पहली फिल्म नितेश तिवारी की दंगल साइन की थी.अभिनेत्री ने फिल्म में आमिर खान की बेटी, यंग गीता फोगट की भूमिका निभाई थी. फिल्म में जायरा की परफॉर्मेंस की दर्शकों और क्रिटिक्स ने काफी तारीफ की है.ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 2000 करोड़ रुपये का कले. क्शन कर सुपर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी. इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा.महिला प्रधान इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की और दुनिया भर में 912 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था. इस फिल्म ने जायरा को बॉलीवुड की सुपरस्टार बना दिया था. उन्होंने दीपिका पादुकोण, आलिया भट्ट जैसी टॉप एक्ट्रेसेस को पछाड़ते हुए सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला प्रधान फिल्म दी थी.इसके बाद जायरा वसीम ने द स्काई इज पिंक में प्रियंका चोपड़ा और फरहान अख्तर की बेटी का रोल प्ले किया था. भले ही फिल्म असफल रही, लेकिन उनकी एक्टिंग को फैंस ने काफी पसंद किया था. हालांकि, ये कोई नहीं जानता था कि यह जायरा की आखिरी फिल्म होगी. इस फिल्म के बाद एक्ट्रेस ने पलक झपकते ही फिल्म इंडस्ट्री छोड़ दी थी. 18 साल की उम्र में जायरा ने अपने धर्म की राह पर चलने के लिए फिल्में छोड़ने का फैसला किया था.जायरा वसीम ने फिल्म इंडस्ट्री से दूर होने के बाद सा. ेशल मीडिया से अपनी फोटोज भी हटा ली थी. उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर बस उनकी एक तस्वीर है उसमें भी वे बुर्का पहने हुए हैं और उनका चेहरा नजर नहीं आ रहा है.

## K3G के ग्रैंड हेलीकॉप्टर एंट्री सीन से खुश नहीं थे शाहरूख खान, किंग खान के साथ हो गया था धोखा!

करण जौहर की 'कभी खुशी कभी गम' बॉलीवुड की आइकॉनि फिल्मों में से एक है. इस मूवी के कई सीन यादगार हैं. इनमें से एक हेलीकॉप्टर लैंडिंग के साथ शाहरुख खान की ग्रैंड एंट्री का भी सीन है जिसे काफी पसंद किया गया था. वहीं 'कभी खुशी कभी गम' में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम करने वाले निखिल आडवाणी ने हाल ही में साइरस सेज के यूट्यूब चौनल पर एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि फिल्म में शाहरुख खान की ग्रैंड हेलीकॉप्टर एंट्री बहुत निराशाजनक थी. उन्होंने ये भी शेयर किया कि श्रोमांस के किंगश होने के बावजूद, शाहरुख खान वास्तव में लव स्टोरीज से नफरत करते हैं.शाहरुख 'कभी खुशी कभी गम' के हेलीकॉप्टर सीन से हो गए थे निराश साइरस सेज पर बातचीत के दौरान उस सीन को याद करते हुए निखिल ने कहा, "जब हमने उन्हें (शाहरुख खान) को बताया कि कभी खुशी कभी गम में उनकी एंट्री हेलीकॉप्टर से होती है तो उन्हें लगा कि वह हेलीकॉप्टर से कूदने जा रहे हैं, जबकि उन्हें बस नीचे उतरना था. यह सीन जया बच्चन के बारे में ज्यादा था कि उन्हें अपने बेटे के आने का एहसास उसके जमीन छूते ही हो जाता है.श्श वहीं शाहरुख खान इस सीन से काफी निराश थे. हालांकि फैंस आज भी 'कभी खुशी कभी गम' में शाहरुख खान की आइकॉनिक एंट्री को सेलिब्रेट करते हैं. इंटरव्यू में आगे निखिल आडवाणी ने खुलासा किया कि श्बॉलीवुड के बादशाह ने अपनी ग्रैंड एंट्री का अपना विजन देखा था, लेकिन जैसा उन्होंने सोचा था वैसा नहीं हुआ.कभी खुशी कभी गम में शाहरुख खान ने अमीर रायचंद परिवार के बेटे राहुल की भूमिका निभाई है. उनका किरदार इमोशनल है और अपने परिवार से गहराई से जुड़ा हुआ है, लेकिन राहुल को उस वक्त एक बड़े संघर्ष का सामना करना पड़ता है जब उसे एक गरीब लड़की से प्यार हो जाता है, जिसका किरदार काजोल ने निभाया है. अपने प्यार को पाने के लिए राहुल अपने पिता के खिलाफ चला जाता है. ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर




साबित हुई थी. फिल्म में शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, जया बच्चन, काजोल, ऋतिक रोशन और करीना कपूर ने अहम रोल प्ले किया था. शाहरुख खान वर्क फ्रंटवर्क फ्रंट की बात करें तो शारुख खान सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित एक एक्साइटिंग अपकमिंग फिल्म श्किंगश में नजर आएंगे. इस प्रोजेक्ट में पहली बार है सुपरस्टार अपनी बेटी सुहाना खान के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे, फैंस इस फिल्म की अनाउंसमेंट के बाद से इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें –

अमित कुमार वर्मा –संम्पाद

मौः– 8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट हिन्दी साप्ताहिक**

मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक–अमित कुमार वर्मा

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा